हुगली (हि.स.)। स्वतंत्रता दिवस की रात मशहूर पूर्व तैराक और पद्मश्री सम्मानित बुला चौधरी के हिंदमोटर स्थित घर में हुई चोरी की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

मिली जानकारी के अनुसार, चंदननगर पुलिस आयुक्तालय की जांच टीम ने पहले में हुगली के रिषड़ा से कृष्णा चौधरी (19) को गिरफ्तार किया था और उसके पास से 295 पदक बरामद किए थे। इसके बाद जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने श्रीरामपुर के 4 नंबर गेट इलाके से शेख सामिम (21) और मोह मद चांद को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने 13 और पदक बरामद किए, जिनमें एक पद्मश्री पदक भी शामिल है। अब तक 308 पदक पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। बचे हुए एक-दो पदकों की तलाश अभी जारी है। चोरी गए अपने कीमती पदक वापस मिलने पर बुला चौधरी बेहद भावुक और उत्साहित नजर आईं। उन्होंने पुलिस के काम की जमकर तारीफ की और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी धन्यवाद दिया।

चोरों ने बुला चौधरी के जीवनभर की मेहनत से अर्जित पदक चुरा लिए थे, जिनमें अर्जुन पुरस्कार और पद्मश्री भी शामिल थे। इस घटना से आहत होकर बुला चौधरी फूट-फूटकर रो पड़ी थीं और पुलिस व सरकार पर नाराजगी जताई थी।

श्रमश्री योजना शुरू, प्रवासी श्रमिकों को मिलेगी पांच हजार रुपये मासिक सहायता



कोलकाता (हि.स.)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को प्रवासी श्रमिकों के लिए बड़े पुनर्वास पैकेज की घोषणा करते हुए श्रमश्री योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत राज्य में वापस लौटे प्रवासी श्रमिकों को एक वर्ष तक प्रतिमाह पांच हजार रुपये का भत्ता दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें स्वास्थ्य, आवास और शिक्षा संबंधी कई अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

योजना की शुरुआत श्रम विभाग ने कर दी है। विभाग के मंत्री मलय घटक ने बताया कि पूरे पंजीकरण की प्रक्रिया ऑनलाइन होगी और इसके लिए जल्द ही एक विशेष पोर्टल लॉन्च किया जाएगा। पोर्टल सक्रिय होने के बाद श्रमिकों को औपचारिक रूप से जोड़ा जाएगा। हालांकि, जो प्रवासी श्रमिक पहले ही बंगाल लौट चुके हैं, उनका पंजीकरण विभागीय अधिकारी घर-घर जाकर कर रहे हैं। इस काम की शुरुआत मालदा, मुर्शिदाबाद और उत्तर दिनाजपुर जिलों से हो चुकी है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि प्रवासी श्रमिकों को न केवल मासिक पुनर्वास भत्ता मिलेगा बल्कि स्वास्थ्यसाथी कार्ड, आवास योजना में अनुदान और उनके बच्चों की पढ़ाई के लिए सरकारी आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा, उन्हें अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा।

ममता ने अन्य राज्यों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि जहां डबल इंजन सरकार है, वहां बंगाल से गए श्रमिकों को उनकी भाषा और पहचान के आधार पर प्रताड़ित किया जा रहा है। कई मामलों में बंगालियों को अपराधी ठहराकर जेल में डाला गया, कुछ को बांग्लादेश भेजने की कोशिश हुई और कई को केवल बंगाली भाषा बोलने के लिए थानों में प्रताड़ित किया गया। अब तक लगभग 22 लाख प्रवासी श्रमिक और उनके परिवार इस तरह की प्रताड़ना का शिकार हो चुके हैं।

सरकार का मानना है कि इस योजना से राज्य में लौटे प्रवासी श्रमिकों को आर्थिक सुरक्षा तो मिलेगी ही, साथ ही उन्हें समाज में स मानजनक ढंग से पुनर्वास का अवसर भी प्राप्त होगा।

जॉइंट एंट्रेंस का रिजल्ट जारी करने को लेकर हाईकोर्ट ने एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखा

कोलकाता (हि.स.)। राज्य संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जॉइंट एंट्रेंस) के परिणाम प्रकाशन को लेकर कानूनी जटिलता जारी है। गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट किया कि परिणाम प्रकाशन को लेकर सिंगल बेंच के निर्देश ही प्रभावी रहेंगे। जस्टिस सुजॉय पाल की डिवीजन बेंच में राज्य संयुक्त प्रवेश बोर्ड की ओर से बताया गया कि बोर्ड परिणाम जारी करने के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन चल रहे मामले के कारण ऐसा संभव नहीं हो पा रहा। इस पर न्यायालय ने कहा कि सिंगल बेंच पहले ही समयबद्ध परिणाम जारी करने का आदेश दे चुकी है, ऐसे में नए सिरे से कोई निर्देश देने का अवसर नहीं है।

अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि चूंकि संयुक्त प्रवेश बोर्ड ने सिंगल बेंच के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है, इसलिए डिवीजन बेंच इस स्तर पर हस्तक्षेप नहीं कर रही। हालांकि, याचिकाकर्ता के वकील ने हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए तत्काल हस्तक्षेप का आग्रह किया। डिवीजन बेंच अब इस मामले की सुनवाई 2 सितंबर को कर सकती है, वहीं अगले सप्ताह उच्चतम न्यायालय में भी सुनवाई होने की संभावना है।

गौरतलब है कि 7 अगस्त को संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी होना था, लेकिन जस्टिस कौशिक चंद्र की सिंगल बेंच ने नई ओबीसी सूची को लेकर आपत्ति जताई थी। अदालत ने पिछले वर्ष डिवीजन बेंच के आदेश का हवाला देते हुए संयुक्त प्रवेश बोर्ड को निर्देश दिया था कि ओबीसी सूची का पुनर्मूल्यांकन किया जाए, 2010 से पहले के प्रमाणपत्र को मान्यता दी जाए और सात प्रतिशत आरक्षण के आधार पर सूची तैयार की जाए।

मध्यमग्राम ब्लास्ट कांड : प्रेमिका और पति को उड़ाने की योजना बना रहा था प्रेमी विस्फोट में खुद खत्म

मध्यमग्राम (उत्तर 24 परगना) (हि.स.)। मध्यमग्राम विस्फोट प्रकरण की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार, यह घटना एक असफल प्रेम प्रसंग से जुड़ी हुई है। उत्तरप्रदेश के बस्ती ज़िले का निवासी सच्चिदानन्द मिश्र (आईटीआई उत्तीर्ण छात्र) सोशल मीडिया के जरिए मध्यमग्राम की एक विवाहित महिला से प्रेम संबंध में जुड़ गया था। महिला ने पूछताछ में बताया कि वह इस संबंध से बाहर निकलना चाहती थी और इसी कारण उसने सच्चिदानन्द से संपर्क तोड़ दिया था, लेकिन युवक इस निर्णय को स्वीकार नहीं कर पाया। इसी आक्रोश में उसने देशी बम (विस्फोटक यंत्र) बनाकर महिला और उसके पति को मारने की योजना बनाई थी।

पुलिस का मानना है कि सच्चिदानन्द ने संभवत: खुले बाजार में आसानी से मिलने वाले अमोनियम नाइट्रेट का उपयोग किया। इसी सुराग के आधार पर विशेष कार्यबल (एस.टी.एफ.) ने उसकी पृष्ठभूमि की जांच शुरू कर दी है और एसटीएफ की टीम उसके बस्ती स्थित घर तथा हरियाणा के बहादुरगढ़ स्थित कार्यस्थल तक पहुंच चुका है। जांच में यह भी सामने आया है कि सच्चिदानन्द दो बार पहले भी महिला से मिलने मध्यमग्राम आया था। दोनों बार महिला और उसके पति शफिकुल गाजी के बीच विवाद हुआ और परिवार ने समझौता करवाकर युवक को वापस भेज दिया। इसके बाद महिला ने उससे दूरी बना ली। लेकिन सच्चिदानन्द बार-बार फोन कर उसे परेशान करता रहा। जब महिला ने संबंध तोड़ने का निश्चय कर लिया, तब उसने तीसरी बार आकर हमला करने की योजना बनाई। किन्तु उसकी योजना सफल नहीं हो सकी। रविवार आधी रात को मध्यमग्राम बालक उच्च विद्यालय के पास स्थित रवीन्द्र मुक्त मंच की कुर्सी पर बैठकर जब वह विस्फोटक यंत्र से छेड़छाड़ कर रहा था, तभी अचानक विस्फोट हो गया। यंत्र के गलत उपयोग अथवा लापरवाही के कारण हुए धमाके में वहीं उसकी मृत्यु हो गई।

दूसरी ओर, पूछताछ के बाद महिला नीलिमा और उनके पति शफिकुल गाजी को पुलिस ने मुक्त कर दिया है।

महिला से 29 लाख ठगने के आरोप में फरार बीएसएफ जवान गिरफ्तार

कोलकाता (हि.स.)। एक साल से अधिक समय से फरार चल रहे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक कांस्टेबल को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप है कि उसने एक महिला को प्रेम संबंध के जाल में फंसाकर पेट्रोल पंप दिलाने का लालच देकर 29 लाख रुपये ठग लिए।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी का नाम गौतम हलदार है, जो पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के तेहट्ट का रहने वाला है। गिरफ्तारी से पहले वह राजारहाट स्थित बीएसएफ कार्यालय में पदस्थापित था। इसी दौरान गारियाहाट में आयोजित एक कार्यक्रम में उसकी मुलाकात पीड़िता महिला से हुई। हलदार ने धीरे-धीरे महिला से नजदीकी बढ़ाई और शादी करके साथ जीवन शुरू करने का भरोसा दिलाया। इसके बाद उसने पेट्रोल पंप में निवेश करने की योजना बताई और अग्रिम रकम के तौर पर महिला से 29 लाख रुपये ले लिए। पैसे मिलते ही उसने महिला से संपर्क तोड़ दिया और फरार हो गया।

इस बीच, आरोपी की पत्नी ने तेहट्ट थाने में उसके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई, वहीं बीएसएफ की खुफिया इकाई भी उसकी तलाश में जुट गई थी। दूसरी ओर, पीड़ित महिला ने गारियाहाट थाने में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि हलदार ने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया था और पहचान छिपाने के लिए एक नए नंबर से संपर्क करना शुरू कर दिया।

उसके पुराने कॉल रिकॉर्ड खंगालने के बाद पुलिस को सुराग मिले और पता चला कि वह बुरोशिबतला, बेहाला स्थित एक मिठाई की दुकान में प्रबंधक के रूप में नकली पहचान के साथ काम कर रहा था। गारियाहाट थाने की पुलिस टीम ने छापेमारी कर हलदार को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है।

बस की टक्कर से पिता और दो बेटियों की मौत

पूर्व बर्दवान (हि.स.)। जिले के कालना थाना अंतर्गत स्वराजपुर इलाके में गुरुवार सुबह एक सड़क हादसे में पिता और उनकी दो बेटियों की मौत हो गई। हादसा सुबह लगभग 10 बजे हुआ जब स्कूटी सवार तीनों को तेज रफ्तार यात्री बस ने कुचल दिया। मृतकों की पहचान स्कूटी चालक फरोज मलिक, उनकी बड़ी बेटी नूरजहां खातून और छोटी बेटी फरहाना खातून के रूप में हुई है। तीनों को गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने फरोज और उनकी बड़ी बेटी को मृत घोषित कर दिया है बाद में इलाज के दौरान छोटी बेटी की भी मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, गुरुवार सुबह फरोज मलिक अपनी दोनों बेटियों को लेकर डॉक्टर को दिखाने कालना अस्पताल जा रहे थे। रास्ते में स्वराजपुर के पास कृष्णनगरगामी बस ने स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

नौशाद सिद्दीकी को जमानत, 84 आईएसएफ समर्थक भी रिहा



कोलकाता (हि.स.)। इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के विधायक नौशाद सिद्दीकी और उनके साथ गिर तार किए गए कुल 84 समर्थकों को गुरुवार को बैंकशाल कोर्ट से जमानत मिल गई। बुधवार को पुलिस ने उन्हें जुलूस के दौरान पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और सड़क जाम करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद नौशाद को जोड़ासांको थाने में रातभर रखा गया, जबकि अन्य कार्यकर्ताओं को सेंट्रल डिवीजन के विभिन्न थानों में भेजा गया था। गुरुवार को जब सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, तो बाहर बड़ी संख्या में आईएसएफ समर्थक जमा होकर रिहाई की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे। अदालत में नौशाद सिद्दीकी और अन्य की ओर से पैरवी करते हुए वकील फिरदौस शमीम ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में कई सरकारी कर्मचारी, शिक्षक, वकील और यहां तक कि राज्य बिजली विभाग के इंजीनियर भी शामिल हैं। उन्होंने पुलिस पर हमले का आरोप लगाते हुए कहा कि कई कार्यकर्ताओं के कपड़े फाड़े गए और बर्बरतापूर्वक कार्रवाई की गई। अदालत ने पहले सभी को 500 रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दी थी, लेकिन बाद में इस शर्त को माफ कर दिया गया। रिहाई की खबर मिलते ही अदालत परिसर के बाहर समर्थकों ने जश्न मनाया। उनका कहना था कि कोर्ट ने पुलिस षड्यंत्र को विफल कर दिया। कुछ समर्थकों ने आरोप लगाया कि नौशाद को जान से मारने की साजिश रची गई थी, हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पूरा पुलिस प्रशासन दोषी नहीं है, बल्कि कुछ ही अधिकारियों ने गुंडागर्दी की। फिलहाल आईएसएफ समर्थकों ने शांतिपूर्ण तरीके से अदालत परिसर के बाहर धरना देने का निर्णय लिया है। संगठन की ओर से कहा गया कि आगे की रणनीति और आंदोलन का अगला चरण जल्द घोषित किया जाएगा।

भाजपा कार्यकर्ता की हत्या मामले में परेश पाल और अन्य तृणमूल नेताओं को हाईकोर्ट से मिली अग्रिम जमानत

कोलकाता (हि.स.)। भाजपा कार्यकर्ता अभिजीत सरकार हत्या मामले में लंबे समय से घिरे तृणमूल कांग्रेस के विधायक परेश पाल को कलकत्ता हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एकल पीठ ने गुरुवार को उन्हें एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर अग्रिम जमानत दे दी। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अगर सीबीआई पूछताछ के दौरान परेश पाल या अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करती है, तो जमानत का आदेश उसी समय से लागू हो जाएगा।

हालांकि, इसके साथ कुछ कड़े निर्देश भी दिए गए हैं। पाल और अन्य आरोपी नारकेलडांगा थाना क्षेत्र के शीतला तल्ला इलाके में प्रवेश नहीं कर पाएंगे, किसी को धमकी नहीं देंगे और देश छोड़कर बाहर नहीं जा सकेंगे। इस मामले में कोलकाता नगर निगम के मेयर परिषद सदस्य स्वप्न समाद्दार और पापिया घोष को भी हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत दी है। अदालत ने माना कि चार साल तक चली सीबीआई जांच के दौरान अभियुक्तों ने सहयोग किया है। इसी आधार पर अदालत ने सभी को अग्रिम जमानत प्रदान की।

उल्लेखनीय है कि मई 2021 में हुए विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद बंगाल में व्यापक हिंसा हुई थी। इसी दौरान बेलघरिया निवासी भाजपा कार्यकर्ता अभिजीत सरकार की हत्या कर दी गई थी। अभिजीत की मौत के बाद उनके परिवार ने सीधे तौर पर तृणमूल कांग्रेस विधायक परेश पाल पर गंभीर आरोप लगाए थे। परिवार का दावा था कि अभिजीत की हत्या पाल के संरक्षण से कराई गई।

परिवार की शिकायत के आधार पर मामला सीबीआई को सौंपा गया। जांच के दौरान एजेंसी ने तृणमूल के मेयर परिषद सदस्य स्वप्न समाद्दार और पापिया घोष के साथ-साथ विधायक परेश पाल का नाम भी चार्जशीट में शामिल किया। सीबीआई ने यह चार्जशीट चार साल बाद दाखिल की। हालांकि, इस दौरान विधायक ने कई बार सीबीआई की समन का पालन नहीं किया और पूछताछ से बचते रहे। इसके चलते अदालत ने भी एक अवसर पर उन्हें फटकार लगाई थी।











पश्चिमी चंपारण : घूसखोर महिला दारोगा गिरफ्तार

बेतिया (वार्ता)। पटना से आई निगरानी विभाग की टीम ने बिहार के पश्चिमी चम्पारण के शिकारपुर थाना में तैनात महिला दारोगा प्रीति कुमारी को 12 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार महिला दारोगा शिकारपुर थाने में पदस्थापित हैं। निगरानी टीम ने महिला दारोगा के साथ उसके एक बिचौलिए साथी को भी गिरफ्तार किया है। दारोगा व उसके बिचौलिए की गिरफ्तारी नगर के स्टेट बैंक के मुख्य शाखा के समीप स्थित दारोगा के आवास से की गई है।

उक्त करवाई विजिलेंस की टीम ने गुरुवार की दोपहर में की है और गिरफ्तार दारोगा की पहचान प्रीति कुमारी के रूप में हुई है। वहीं उसके बिचौलिए की पहचान नगर के प्रकाशनगर निवासी अर्जुन कुमार के रूप में की गई है।

निगरानी विभाग के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) पवन कुमार ने बताया कि शिकारपुर थाना क्षेत्र के मलदहिया निवासी फिरोज कौशर ने महिला दारोगा द्वारा रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि शिकारपुर थाना कांड संख्या 791/25 में महिला दारोगा ने फोन पर 15 हजार रुपए मांगे थे। हालांकि मामला 12 हजार में तय हुआ। शिकायत के बाद टीम द्वारा तीन दिनों तक जांच की गई और दारोगा को उसके बिचौलिए साथी के साथ गिरफ्तार किया गया।

डीएसपी ने बताया कि आवेदक को रंग लगे रुपए उपलब्ध कराए गए थे। दारोगा के हाथ पर रंग के निशान मिले हैं। दारोगा के बिचौलिए साथी के पास से रिश्वत के रुपए बरामद हुए हैं। दारोगा व उसके बिचौलिए साथी की गिरफ्तारी के बाद विजलेंस टीम दोनों को अपने साथ लेती गयी। इस टीम में निगरानी विभाग के डीएसपी रिसिता कुमारी, अरुणोदय पांडेय, इंस्पेक्टर मुरारी प्रसाद आदि शामिल थे।

पूर्व की सरकार ने मुस्लिम समुदाय के लिए कोई काम नहीं किया : मुख्यमंत्री

नीतीश ने बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना के शताब्दी समारोह का किया उद्घाटन

पटना (हि.स.)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित बापू सभागार में बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना के शताब्दी समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले बहुत बुरा हाल था। पूर्व की सरकार ने कुछ काम नहीं किया। वर्ष 2005 से पहले मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए कोई काम नहीं किया गया था। नयी सरकार के गठन के बाद से मुस्लिम समुदाय के लिए काफी काम किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले हिन्दू-मुस्लिम झगड़ा होता था, इसलिए वर्ष 2006 से ही कब्रिस्तान की घेराबंदी शुरू की गयी है। बड़े पैमाने पर कब्रिस्तानों की घेराबंदी की जा चुकी है। अब कोई झगड़ा-झंझट नहीं होता है। पहले मदरसों की स्थिति काफी खराब थी, मदरसा शिक्षकों को बहुत कम पैसा मिलता था। वर्ष 2006 से मदरसों का निबंधन किया गया तथा उन्हें सरकारी मान्यता दी गयी है। मदरसा के शिक्षकों को सरकारी शिक्षकों के बराबर वेतन देना शुरू किया और तब से लगातार समान वेतन दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 के चुनावों के पहले मुझे लोगों ने बताया कि वर्ष 1989 में भागलपुर में दंगे हुए थे लेकिन उस समय तथा बाद की सरकार ने इसकी सही ढंग से जांच नहीं करायी। जैसे ही नवंबर, 2005 में हमारी सरकार बनी तो हमलोगों ने इसकी गहन जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की और दंगा पीड़ितों को मुआवजा दिया। दंगे से प्रभावित परिवारों को पेंशन के रूप में मदद दी जा रही है। वैसी मुस्लिम महिलायें जो पति के छोड़ने के बाद काफी दिक्कत में रहती हैं, उन मुस्लिम परित्यक्ता / तलाकशुदा महिलाओं को रोजगार देने के लिए वर्ष 2007 से 10 हजार रूपये की दर से सहायता दी गयी। इसे अब बढ़ाकर 25 हजार किया गया है। नीतीश कुमार ने कहा कि मुस्लिम वर्ग की छात्र एवं छात्राओं की पढ़ाई में मदद के लिए सब तरह से काम किया जा रहा है। इसके लिए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के द्वारा कई सारी योजनाएं चलायी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का बजट 2004-05 में मात्र 3 करोड़ 54 लाख रुपये था जो अब बढ़कर 1080 करोड़ रुपये हो गया है। साथ ही मुस्लिम वर्ग के युवक-युवतियों को रोजगार शुरू करने के लिए कई तरह से मदद दी जा रही है। हमने शुरू से ही सभी तबकों का विकास किया है। चाहे हिन्दू हों, मुस्लिम हों, अपर कास्ट हों, पिछड़ा हों, अति पिछड़ा हों, दलित हों, महादलित हों सभी के लिए काम किया गया है। सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोधी लोग कोई इधर-उधर की बात बोलते हैं उसका कोई मतलब नहीं है। हम अपने काम में लगे रहते हैं।

झामुमो पूरे राज्य में केंद्र सरकार का पुतला दहन करेगा और चरणबद्ध आंदोलन चलाएगा : सुप्रियो भट्टाचार्य

रांची (वार्ता)। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने संसद में पेश 130वें संविधान संशोधन विधेयक का विरोध करते हुए इसे लोकतंत्र खत्म करने वाला कदम बताया।

श्री भट्टाचार्य ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में इसे एंड ऑफ डेमोक्रेसी नाम दिया और कहा कि भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए ईडी, सीबीआई और चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार और अन्य राज्यों में चुनावी गड़बड़ियों के बाद अब भाजपा ने विपक्षी नेताओं को जेल में डालने और 30 दिनों तक कैद रखकर उनकी राजनीति समाप्त करने की योजना बनाई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की 240 सीटों में से करीब 100 सीटें चोरी की हैं और वास्तविक मायनों में भाजपा के पास 140 सीटें ही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा विपक्षी नेताओं को डराने और खत्म करने के लिए लगातार नए तरीके अपना रही है। लोकसभा में सरकार के जवाब का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि कुल 1729 विपक्षी नेताओं पर ईडी-सीबीआई की कार्रवाई हुई, लेकिन केवल दो ही दोषी पाए गए और दोनों झारखंड से हैं।

श्री भट्टाचार्य ने ने कहा कि भाजपा की नीतियों से लोकतंत्र खतरे में है और यह संशोधन बिल विपक्ष की राजनीति को खत्म करने की साजिश है। उन्होंने भाजपा नेताओं पर भ्रष्टाचार और अनैतिक कार्यों में लिप्त होने का आरोप भी लगाया और कहा कि भाजपा में शामिल होते ही वे शुद्ध हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड से उठी इस हवा ने भाजपा को डरा दिया है। बिहार, बंगाल और उत्तर प्रदेश के बाद अब पूरे देश में भाजपा को चुनौती मिलेगी। उन्होंने घोषणा की कि इस बिल के विरोध में झामुमो पूरे राज्य में केंद्र सरकार का पुतला दहन करेगा और कल से चरणबद्ध आंदोलन चलाएगा।

दरभंगा में विवाहिता की हत्या कर लाश जलाने का प्रयास

सास-ननद हिरासत में, अन्य फरार, पुलिस जांच में जुटी

दरभंगा (हि.स.)। बिहार में दरबंगा जिले के सकतपुर थाना क्षेत्र के कलम बाग में गुरुवार को एक विवाहिता की अधजली लाश बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान चंदा कुमारी (विवाह 19 मई 2021), पत्नी मनोज कुमार मंडल, ग्राम शेरपुर, थाना सकतपुर, जिला दरभंगा के रूप में हुई है।

मृतका के भाई विजय कुमार मंडल, निवासी काको पंचायत, थाना भैरोस्थान, जिला मधुबनी ने सकतपुर थानाध्यक्ष को दिए गए आवेदन में आरोप लगाया है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी बहन की हत्या कर दी गई। शिकायत के अनुसार, 20 अगस्त 2025 की दोपहर ससुराल पक्ष की ओर से धमकी दी गई थी कि परिवारिक विवाद में दखल देने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उसी दिन शाम को चंदा कुमारी मृत पाई गई। परिजनों का आरोप है कि हत्या के बाद झूठी सूचना दी गई कि वह इलाज के लिए उजान अस्पताल में भर्ती है, जबकि सच्चाई यह थी कि हत्या कर लाश को गाँव से बाहर कलम बाग में जला दिया गया। परिजन जब घटनास्थल पर पहुँचे तो अधजली लाश बरामद हुई, जिसका सिर गायब था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दरभंगा डीएमसीएच भेज दिया और घटनास्थल की फॉरेंसिक जांच कराई है। सकतपुर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि मृतका की सास सोनी देवी और ननद विभा कुमारी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। देवर राजकुमार मंडल, भैसुर मनीष कुमार मंडल और चाचा चिंतेन्द्र मंडल फरार बताए जा रहे हैं। मृतका के नाना सीताराम मंडल ने कहा कि लाश का सिर अब तक बरामद नहीं हुआ है, जिसे खोजने की मांग पुलिस से की गई है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही उसका भी पता लगाया जाएगा।

इधर, मृतका की सास सोनी देवी ने पूछ-ताछ में बताया कि चंदा कुमारी ने भाई से विवाद के कारण आत्महत्या की और उन्होंने बचाने की बहुत कोशिश की। हालांकि, परिजन इस बयान को झूठा बताते हुए कहते हैं कि यह हत्या का मामला है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले की गहन जांच की जा रही है और फरार अभियुक्तों की तलाश तेज कर दी गई है।

अज्ञात वाहन के ठोकर से दो कांवरियों की मौत, तीन गंभीर घायल

कटिहार (नि.सं)। जिले के कुरसेला नेशनल हाईवे एनएच 31 सड़क के घैरु घाट के समीप अज्ञात वाहन के ठोकर से दो बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गयी। जबकि चार घायल हो गए। जिसमें तीन की गंभीर स्थिति होने के कारण हायर सेन्टर रेफर किया गया।

जानकारी अनुसार, देवघर से जल चढ़ाकर लौट रही रानीगंज के बाइक सवार टीम को एक अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया जिससे दो बाइक आपस में टकरा गये। इसी क्रम में विजय मंडल (45 वर्ष) पिता देवनारायण मंडल एवं अंशु कुमारी पिता रवीन मंडल दोनों कोसकापुर वार्ड संख्या 04 रानीगंज जिला अररिया की मौके पर मौत हो गई।

घायलों में सतीश कुमार (25 वर्ष) पिता विजय मंडल घर कोसकापुर रानीगंज, अररिया, लक्ष्मी कुमारी (13 वर्ष) पिता टिंकू यादव घर धूसर, रंजीत कुमार यादव (28 वर्ष) पिता परशुराम यादव घर जरलाही, प्रिंस कुमार (25 वर्ष) पिता अर्जुन यादव घर जगतपुर को स्थानीय पुलिस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुरसेला में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया। वहीं कुरसेला पुलिस पोस्टमार्टम की कागजी प्रक्रिया में जुटी थी। वहीं परिजन लोगों का रो-रो कर बुरा हाल था।

सदन से शिबू सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेजा जाए : विनोद कुमार पांडेय

रांची (आईएएनएस)। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंड आंदोलन के प्रणेता दिवंगत शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की मांग उठाई है। पार्टी के महासचिव और प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने 22 अगस्त से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र में इस आशय का प्रस्ताव पारित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा का यह सत्र ऐतिहासिक बन सकता है, अगर सदन से शिबू सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा जाए।

पांडेय ने कहा कि 22 अगस्त को जहां अनुपूरक बजट पेश होगा और दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी जाएगी, वहीं 26 अगस्त को अतिवृष्टि और किसानों की समस्याओं पर चर्चा होगी। ऐसे में यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सदन की आवाज गुरुजी के सम्मान में एकजुट होकर दिल्ली तक पहुंचे।

पांडेय ने कहा कि शिबू सोरेन का जीवन त्याग, संघर्ष और सेवा का प्रतीक है। उन्होंने नशाखोरी और महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन छेड़ा, आदिवासी समाज को शिक्षा व सामाजिक चेतना से जोड़ा और अलग राज्य निर्माण आंदोलन को निर्णायक मुकाम तक पहुंचाया। झारखंड राज्य निर्माण के संघर्ष से लेकर मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री रहते हुए उन्होंने सदैव जनहित को सर्वोपरि रखा।

उन्होंने कहा कि दिशोम गुरुजी का योगदान केवल झारखंड तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर भी सामाजिक न्याय और हक-हकूक की लड़ाई लड़ी। ऐसे महापुरुष को भारत रत्न देने की पहल अब तक केंद्र सरकार को खुद करनी चाहिए थी। भाजपा के सांसद और विधायकगण को भी इस मांग के समर्थन में आगे आना चाहिए क्योंकि शिबू सोरेन एक सर्वमान्य नेता थे।

उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर झारखंड विधानसभा से यह प्रस्ताव पारित होकर केंद्र तक जाएगा तो यह न सिर्फ राज्य बल्कि पूरे देश के लोकतांत्रिक और सामाजिक मूल्यों को गौरवान्वित करेगा। उन्होंने सत्ताधारी दल से आग्रह किया कि इस प्रस्ताव को प्राथमिकता से सदन में लाकर पारित कराया जाए।

झारखंड शराब घोटाले की जांच में गड़बड़ी का आरोप, बाबूलाल ने सीबीआई जांच के लिए लिखा पत्र

रांची (आईएएनएस)। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के प्रदेश बाबूलाल मरांडी ने राज्य में हुए बहुचर्चित शराब घोटाले की जांच पर कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखे गए पत्र में आरोप लगाया है कि राज्य की एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) ने जान-बूझकर जांच में ढिलाई बरती, जिसके कारण आरोपी एक-एक कर जमानत पर छूट रहे हैं। उन्होंने पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है।

मरांडी ने पत्र में लिखा है कि उन्हें पहले से आशंका थी कि शराब घोटाले की जांच केवल जनता की आंखों में धूल झोंकने और बड़े षड्यंत्रकारियों को बचाने के लिए की जा रही है। उन्होंने कहा कि एसीबी ने शुरूआत में एक वरीय अधिकारी को आनन-फानन में गिरफ्तार कर तत्परता दिखाई, लेकिन अब तीन महीने बीतने के बाद भी चार्जशीट दाखिल नहीं की गई। इससे जेल में बंद आरोपी एक-एक कर जमानत पा रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि एसीबी ने गिरफ्तार अधिकारियों और पदाधिकारियों से पूछताछ के दौरान पूरी रिकॉर्डिंग नहीं की, जिससे जांच अधिकारियों को अपनी सुविधा के अनुसार बयान दर्ज करने और जिसे चाहे, उसे बचाने या फंसाने का मौका मिल गया।

मरांडी ने मुख्यमंत्री से पूछा है कि यह आपकी सहमति से हुआ या अधिकारियों ने अपने स्तर पर डील की? उन्होंने आगे लिखा, ''इतना बड़ा गोरखधंधा और डील बिना आपकी इजाजत के कोई अधिकारी नहीं कर सकता। यदि यह आपकी जानकारी और सहमति से हुआ है तो भगवान ही मालिक है, और यदि नहीं, तो दोषी अफसरों पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।''

मरांडी ने पत्र में दावा किया कि पूरा मामला छत्तीसगढ़ शराब सिंडिकेट और झारखंड से लेकर दिल्ली तक फैले बड़े माफिया को बचाने के लिए रचा गया षड्यंत्र है।

उनके मुताबिक, कुछ अधिकारियों ने बड़ी डील कर समय पर चार्जशीट दाखिल नहीं होने दी, ताकि आरोपियों को जमानत मिल सके। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि वे इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच की सिफारिश करें, ताकि दिखावे की जांच बंद हो और असली दोषियों के साथ-साथ डील कर जमानत दिलाने वाले षड्यंत्रकारियों को भी बेनकाब किया जा सके।

आयोग ने छह साल से चुनाव नहीं लड़ने वाले 15 राजनीतिक दलों को भेजा नोटिस

पटना (वार्ता)। भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार के 15 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये एक सितंबर तक बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल के समक्ष पेश होने का आदेश जारी किया है।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि वर्ष 2019 से पिछले छह वर्षों में कोई भी चुनाव नहीं लड़ने के कारण इन दलों की मान्यता पर सवाल उठ रहे हैं। इन दलों को एक सितंबर तक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

चुनाव आयोग के अनुसार, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत पंजीकृत राजनीतिक दलों को कई तरह की सुविधायें प्रदान की जाती हैं। ऐसे में यदि कोई दल लगातार निष्क्रिय रहता है और चुनाव प्रक्रिया में भाग नहीं लेता है तो उसकी मान्यता की समीक्षा की जाती है। यह कार्रवाई चुनावी पारदर्शिता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बनाये रखने के उद्देश्य से की जा रही है। जिन 15 दलों को आयोग ने नोटिस जारी किया है उनमें भारतीय आवाम एक्टिविस्ट पार्टी, भारतीय जागरण पार्टी, भारतीय युवा जनशक्ति पार्टी, एकता विकास महासभा पार्टी, गरीब जनता दल (सेक्युलर), जय जनता पार्टी, जनता दल हिन्दुस्तानी, लोकतांत्रिक जनता पार्टी (सेक्युलर), मिथिलांचल विकास मोर्चा, राष्ट्रवादी युवा पार्टी, राष्ट्रीय सद्भावना पार्टी, राष्ट्रीय सदाबहार पार्टी, वासुधैव कुटुम्बकम पार्टी, वसुंधरा जन विकास दल और यंग इंडिया पार्टी शामिल हैं।

चुनाव आयोग की ओर से कहा गया है कि संबंधित दल यदि निर्धारित समय सीमा में अपना पक्ष स्पष्ट नहीं करते हैं या संतोषजनक साक्ष्य प्रस्तुत करने में विफल रहते हैं तो उनकी मान्यता समाप्त करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जायेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय इस संबंध में दलों द्वारा प्रस्तुत पक्षों और दस्तावेजों की जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन भारत निर्वाचन आयोग को भेजेगा, जिसके आधार पर अंतिम निर्णय लिया जायेगा।

किशनगंज जिला अध्यक्ष ने राजद से दिया इस्तीफा



किशनगंज (नि.सं)। किशनगंज में तेजस्वी यादव की पार्टी को बड़ा झटका लगा है। राजद जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक कमरुल होदा ने खुद को निजी कारण का हवाला देते हुए राजद के सभी पदों से इस्तीफा देकर अपना नाता राष्ट्रीय जनता दल से तोड़ लिए हैं।

एसपी ने देर रात लिया शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

किशनगंज (नि.सं)। एसपी सागर कुमार ने बुधवार की रात शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने सदर थाना क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था एवं जनसुरक्षा से संबंधित पहलुओं पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने लहरा चौक, पश्चिमपाली, गांधी चौक आदि स्थानों का जायजा लिया। एसपी देर शाम को अपने आवास से निकले। वे कहां जाएंगे, इसकी भनक पहले से किसी भी पुलिस कर्मी को नहीं थी। एसपी शहर का भ्रमण करने लगे। इस दौरान लहरा चौक, पश्चिमपाली, सुभाष पल्ली, डेमार्केट सहित कई स्थानों का मुआयना किया। कुछ स्थानों पर एसपी अपने वाहन से उतर कर सुरक्षा व्यवस्था की जांच करने लगे थे। एसपी ने यह देखा कि उस समय वहां कितने पुलिस कर्मी तैनात है। पुलिस कर्मी अपनी ड्यूटी का निर्वहन अच्छे से कर रहे हैं या नहीं। एसपी ने वहां मौजूद पुलिसकर्मियों से व्यवस्था की जानकारी ली। वहीं एसपी ने संदिग्ध स्थानों की भी तलाशी ली और गश्ती वाहनों के बारे के भी जानकारी ली। साथ ही यह भी पड़ताल की गई कि कौन से गश्ती वाहन किस लोकेशन में है।

अवैध तरीके से पिकअप वैन में ले जाये जा रहे 12 मवेशी जब्त

किशनगंज (नि.सं)। अवैध रूप से मवेशियों को ले जाए जाने के मामले में पुलिस के द्वारा दूसरे दिन बुधवार की रात्रि को भी कार्रवाई की गई। सदर थाना की पुलिस ने बुधवार की रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो पिकअप वाहन में ले जाये जा रहे 12 मवेशियों को जब्त किया है। मवेशियों के साथ वाहन के चालक सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। कार्रवाई उत्तरपाली रोड में की गई। दोनों वाहनों मे छह-छह मवेशी लोड था। जब्त मवेशी भैंसे हैं। पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। जब्त मवेशियों को सीतामढ़ी और मधेपुरा जिले के सिंहेश्वर से छतरगाछ ले जाया जा रहा था। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

मवेशी ले जाए जाने को लेकर संबंधित कागजातों की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। हालांकि पुलिस के द्वारा जब वाहन के चालक से कागजात की मांग की गई तो वाहन के चालक ने कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया।

पुलिस को किशनगंज के रास्ते अवैध रूप से मवेशी ले जाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद थाना क्षेत्र में निगरानी बरती जा रही थी। इसी क्रम में दो पिकअप वैन उत्तरपाली रोड से ठाकुरगंज-किशनगंज सड़क मार्ग से आगे बढ़ रहा था। वाहन को रुकवाकर तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में उक्त दिनों पिकअप वाहन से मवेशी बरामद किया गया। मवेशियों को वाहन में ठूंस ठूंस कर लोड किया गया था। सदर थाना की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

यहां बता दें कि पिछले दो दिनों से अवैध रूप से मवेशियों को ले जाए जाने के मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इससे पूर्व खगड़ा मझिया रोड में मंगलवार की देर रात को भी ट्रक पर अवैध रूप से ले जाए जा रहे 37 मवेशियों को पकड़ा गया था। मामले में तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया था।

पूर्णिया से पटना तक वंदे भारत ट्रेन से जुड़ेगा सीमांचल, विकास योजनाओं को मिलेगी रफ्तार

पूर्णिया (हि.स.)। पूर्णिया एवं सीमांचल के विकास को लेकर बिहार सरकार की योजनाएँ अब गति पकड़ रही है। राज्य की खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री लेसी सिंह ने कहा है कि पूर्णिया से पटना के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन और जनहित एक्सप्रेस के ठहराव से न सिर्फ पूर्णिया, बल्कि आसपास के 10 जिलों को भी प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इन ट्रेनों के परिचालन से व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी।

उन्होंने बताया कि पटना से पूर्णिया ग्रीन एक्सप्रेस वे की योजना को अमलीजामा पहनाने की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। इसके बन जाने से सीमांचल और पटना के बीच दूरी व समय दोनों घटेंगे, जिससे उद्योग, रोजगार और पर्यटन को बड़ा सहारा मिलेगा।

मंत्री ने यह भी कहा कि पूर्णिया एयरपोर्ट को लेकर लगातार पहल हो रही है और आने वाले दिनों में सीमांचल के लोगों को हवाई सेवा की सौगात मिलेगी। लेसी सिंह ने स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकता सीमांचल का समग्र विकास है और सड़क, रेल तथा हवाई सेवा - तीनों स्तरों पर तेजी से काम हो रहा है। उनके अनुसार सीमांचल अब विकास की नई रोशनी में आगे बढ़ेगा और क्षेत्र की आवाज सीधे राजधानी पटना व देश-दुनिया तक पहुंचेगी।

फारबिसगंज में छह दिनों के भीतर दो महिला के गले से चेन की छिनताई

अररिया (हि.स.)। फारबिसगंज शहर में महिलाओं के गले से दिनदहाड़े चेन छिनताई की घटना में लगातार इजाफा हो रहा है। छह दिनों के भीतर नगर परिषद क्षेत्र में दिनदहाड़े दो महिला के गले से चेन छिनताई की घटना ने पुलिसिंग को लेकर सवाल खड़ा कर दिया है।

भीड़भाड़ का इलाका हो या सुनसान सड़क पर चलने वाली महिलाओं को झपट्टामार के द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। छह दिन पहले शनिवार को जहां सुभाष चौक पर ऑटो पर सवार सेवानिवृत कर्मचारी पद्मानंद सिंह की पत्नी से बाइक पर सवार दो झपटमारों ने सोने की चेन की छिनताई कर भाग निकला था। वहीं गुरुवार के दोपहर भारतीय जीवन बीमा निगम के कर्मचारी रंजीत कुमार की पत्नी पूजा कुमारी से बाइक पर सवार दो बदमाशों ने गले से सोने का चेन की छिनताई कर मोटरसाइकिल से फरार हो गया।

गुरुवार दोपहर आरबी पब्लिक स्कूल से बच्चे को लेकर लौट रही पूजा कुमारी दूर संचार केन्द्र की बगल वाली गली में ज्यों ही घुसी। पीछे से बाइक पर सवार दो बदमाशों में से एक बदमाश नीचे उतरा और दौड़कर महिला की ओर पहुंच कर उनके गले से सोने का चेन छीनकर बाइक पर सवार होकर भाग निकला।

चेन छिनताई के बाद महिला ने बाइक सवार का पीछा भी किया, लेकिन महिला बदमाश पर झपट्टा मारने की क्रम में गिर गई, जिससे वह जख्मी भी हो गई। सूचना के बाद मौके पर फारबिसगंज थाना से टाइगर मोबाइल सूरज कुमार, विपिन कुमार मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। साथ ही टाइगर मोबाइल के जवान सूरज कुमार और विपिन कुमार ने सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की। पीड़ित महिला कुम्हार टोला वार्ड संख्या चार की रहने वाली है। मामले को लेकर फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने महिला के साथ चेन छिनताई की जांच करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों के शिनाख्त की जाएगी।

नक्सलियों ने दो वाहनों में लगाई आग, इलाके में दहशत

चतरा (हि.स.)। चतरा जिले में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के नक्सलियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए दो वाहनों में आग लगा दी। यह घटना लावालौंग थाना क्षेत्र में हुई है। नक्सलियों की उपस्थिति से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

मिली जनकारी के अनुसार बुधवार रात लावालौंग थाना क्षेत्र के ले बोडीह विशनपुर गांव में माओवादियों का एक दस्ता सतन गंझु का घर पहुंच कर उसे खोज रहे थे। नहीं मिलने पर घर के बाहर खड़ा ट्रैक्टर और सवारी वाहन को आग लगा दिया। नक्सलियों ने सतन के घर में ताला भी लगा दिया। आग लगाने के बाद भाकपा माओवादी जिंदाबाद और लाल सलाम के नारे भी लगाये। घटना से आसपास के ग्रामीण रात भर दहशत में रहे।

सूत्रों के अनुसार भाकपा माओवादी के टॉप कमांडर मनोहर गंझू के दस्ते ने घटना को अंजाम दिया है। गुरुवार को अहले सुबह जानकारी मिलते ही सिमरिया एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल और लावालौंग पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और आसपास धरपकड़ के लिए अभियान चलाया। लावालौंग कभी नक्सली संगठन टीपीसी का गढ़ माना जाता था और इस संगठन का यह ब्लॉक अभेद किला भी रहा है। ऐसे में कई टॉप कमांडर और संरक्षकों पर पुलिसिया कार्रवाई के बाद संगठन कमजोर हुआ। अब भाकपा माओवादी इस क्षेत्र में वर्चस्व और हुकूमत बनाने के लिए दशहत फैलाने की फिराक में हैं।

चतरा एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि आगजनी की घटना हुई है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

एशिया कप में पाकिस्तान से खेलेगा भारत

सुरक्षात्मक रवैया भारतीय टेस्ट टीम से सीखने पर जोर, द्विपक्षीय सीरीज भी जरूरी

धोनी ने मुंबई रणजी टीम की कप्तानी छोड़ी

ऑस्ट्रेलिया को पीछे धकेलकर भारत बना नंबर वन

सीरीज जीत की खुशी में डूबे गिल, बोले- हमारे लिए यह बहुत खास

रोहित शर्मा को लगा झटका, वनडे कप्तानी से हटाए जाने की अटकलें

ऑनलाइन गेमिंग विधेयक : प्रस्तावित प्रतिबंध से क्रिकेट उद्योग को लग सकता है झटका

छठे दिन चढ़े प्रमुख सूचकांक, सेंसेक्स 82 हजार के पार



मुंबई। आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी दिग्गज कंपनियों में लिवाली से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 142.87 अंक (0.17 प्रतिशत) की तेजी के साथ 82,000.71 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 33.20 अंक यानी 0.13 फीसदी ऊपर 25,083.75 अंक पर पहुंच गया। दोनों सूचकांक फिलहाल चार सप्ताह के उच्चतम स्तर पर हैं। विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच कुल मिलाकार बाजार की धारणा आज कमजोर रही मझौली और छोटी कंपनियों से निवेशकों ने पैसे निकाले।

सेंसेक्स 362.62 अंक की बढ़त में 82,220.46 अंक पर खुला और एक समय 82,231.17 अंक तक पहुंच गया था। लेकिन बाद में अचानक यह 200 अंक से ज्यादा की तेजी गंवाता हुआ 82,000 अंक पर बंद हुआ। इसका दिवस का निचला स्तर 81,921.22 अंक रहा। निफ्टी-50 सूचकांक 91.45 अंक चढ़कर 25,142 अंक पर खुला। यह नीचे 25,054.90 अंक और ऊपर 25,153.65 अंक तक गया। निफ्टी-100 सूचकांक में भी 0.06 प्रतिशत की तेजी रही। मझौली और छोटी कंपनियों में हालांकि बिकवाली से निफ्टी मिडकैप-50 में 0.46 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 0.01 प्रतिशत की गिरावट रही। एनएसई में कुल 3,068 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ, जिनमें 1,503 में तेजी रही, जबकि 1,475 के शेयर फिसल गये। वहीं, 90 कंपनियों के शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

निजी बैंक के साथ आईटी, रियलिटी, फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांक बढ़त में रहे, जबकि एफएमसीजी, ऑटो, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और सरकारी बैंक जैसे सेक्टरों में गिरावट रही।

सेंसेक्स की 30 में से 16 कंपनियों के शेयर टूट गये। बजाज फिनसर्व का शेयर सबसे अधिक 1.12 प्रतिशत चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक में 1.09 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस में 0.90, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 0.86 और एलएंडटी में 0.76 फीसदी की तेजी रही। बीईएल, मारुति सुजुकी, सनफार्मा, भारती एयरटेल, टीसीएस और एचडीएफसी बैंक भी बढ़त में रहे।

पावर ग्रिड में 1.51 फीसदी, इटरनल में 1.47 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.08 प्रतिशत और अडानी पोर्ट्स में 0.95 प्रतिशत की गिरावट रही। एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक और आईटीसी के शेयर भी फिसल गये। विदेशों में अधिकतर प्रमुख शेयर बाजारों में बिकवाली हावी रही।

जापान का निक्केई 0.65 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.24 प्रतिशत टूट गया, जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.13 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.31 फीसदी और जर्मनी का डैक्स 0.24 फीसदी नीचे कारोबार कर रहे थे।

रिलायंस जियो के प्लान सबसे सस्ते- बीएनपी पारिबास

- कम कीमत पर अधिक डेटा उपलब्ध करा रही है कंपनी
- सबसे लोकप्रिय 799 रुपए वाले प्लान को बंद करने का कंपनी ने खंडन किया
- किफायती और सुविधाजनक रिचार्ज प्लान अभी जारी रहेंगे : जियो

नई दिल्ली। रिलायंस जियो के टैरिफ प्लान अन्य टेलीकॉम ऑपरेटरों की तुलना में अभी भी सबसे सस्ते बने हुए हैं। एनालिस्ट हाउस बीएनपी पारिबास ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि हालिया टैरिफ में किए गए बदलावों के बावजूद जियो के लोकप्रिय प्लान्स सस्ते होने के साथ अधिक डेटा भी उपलब्ध करा रहे हैं। रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि टेलीकॉम सेक्टर की तीनों बड़ी कंपनियों जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के एंट्री लेवल प्लान्स अब 299 रुपए के हो गए हैं, पर रिलायंस जियो के ग्राहकों को एक जैसी कीमतों के बावजूद अधिक डेटा मिल रहा है।

बीएनपी पारिबास ने एक टेबल जारी कर बताया है कि कीमतों के हिसाब से देंखे तो 299 रुपए वाले 28 दिनों के प्लान में रिलायंस जियो 1.5 जीबी डेटा रोजाना उपलब्ध कराता है। वहीं एयरटेल और वोडाफोन आइडिया 299 रुपए में सिर्फ 1 जीबी डेटा प्रतिदिन ही ग्राहकों को इस्तेमाल के लिए देते हैं। इसे दूसरी तरह से देखें तो जहां रिलायंस जियो 28 दिनों के 1.5 जीबी प्लान के लिए 299 रुपए ले रहा है वहीं एयरटेल और वोडाफोन आइडिया समान अवधि के 1.5 जीबी प्लान के लिए 50 रु ज्यादा यानी 349 रुपए चार्ज कर रहे हैं।

इंडस्ट्री के सबसे लोकप्रिय प्लान्स में से एक 84 दिनों वाले 1.5 जीबी प्रतिदिन के प्लान के लिए जहां एयरटेल और वोडाफोन आइडिया 859 रुपए ले रहे हैं। वहीं जियो इसी तरह के प्लान के लिए 60 रुपए कम यानी मात्र 799 रुपए ही ग्राहकों से ले रहा है। इसी 799 रुपए वाले रिलायंस जियो के रिचार्ज प्लान को बंद करने की खबरें आई थी, जिसका कंपनी ने खंडन किया है। ए

क बयान में कंपनी ने जानकारी दी है कि 799 रुपए वाला प्लान फोनपे, गूगल पे, पेटीएम सहित कई लोकप्रिय पेमेंट प्लेटफॉर्म पर रिचार्ज के लिए उपलब्ध है। कंपनी की वेबसाइट और ऐप पर तो इसे रिचार्ज कराया ही जा सकता है। जियो हर जरूरत के हिसाब से किफायती और सुविधाजनक रिचार्ज विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

याकुल्ट ने तापसी पन्नू को बनाया ब्रांड एंबेसडर



नई दिल्ली। जापान की याकुल्ट होंशा और फ्रांस की ग्रुप डैनोन की साझेदारी वाली कंपनी याकुल्ट डैनोन इंडिया प्रा. लि. ने बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू को अपना नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। कंपनी ने बताया कि वह भारत में अच्छे पाचन स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और उसका लक्ष्य है कि 2030 तक हर साल डबल-डिजिट ग्रोथ हासिल करे।

2008 में भारत में आने के बाद से याकुल्ट ने देशभर के करीब 700 शहरों में अपनी उपस्थिति बनाई है। कंपनी ने प्रोबायोटिक डेयरी ड्रिंक कैटेगरी की शुरुआत की और पाचन स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई।

भारत में अब लोग खाने-पीने की चीजों में ज्यादा सेहतमंद विकल्प चुन रहे हैं, जिसकी वजह से प्रोबायोटिक्स और फंक्शनल फूड्स की मांग तेजी से बढ़ रही है। यही कारण है कि भारत याकुल्ट की ग्रोथ स्ट्रेटेजी के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीति का हिस्सा बन गया है।

ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए बॉलीवुड एक्ट्रेस और याकुल्ट की ब्रांड एंबेसडर तापसी पन्नू ने कहा, मैं याकुल्ट की इस यात्रा का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूँ।

खजांची ज्वैलर्स का शुद्ध लाभ 65 प्रतिशत उछला

चेन्नई। सोने, हीरे, कीमती पत्थरों और बुलियन आइटम्स में विशेषज्ञता रखने वाली भारत की अग्रणी ज्वैलरी कंपनियों में से एक, खजांची ज्वैलर्स लिमिटेड (बीएसई : 543953), ने वित्त वर्ष26 की पहली तिमाही में 403.84 करोड़ रुपये का कुल आय दर्ज किया, वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 5.94 प्रतिशत। EBITDA वर्ष-दर-वर्ष 57.07 प्रतिशत वृद्धि से 21.15 करोड़ रुपये हुआ। शुद्ध लाभ वर्ष-दर-वर्ष 64.73 प्रतिशत उछलकर 15.15 करोड़ रूपये तक पहुंच गया। डायल्यूटेड EPS 6.12 रुपये, वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 64.52 प्रतिशत।

खजांची ज्वैलर्स लि. के सीएमडी राजेश मेहता ने कहा, हमें खुशी है कि हमने पहली तिमाही में EBITDA में 57 प्रतिशत और शुद्ध लाभ में 65 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि दर्ज की है।

दिवाली और छठ पूजा के लिए 12,000 से अधिक स्पेशल ट्रेन चलाई जाएंगी, वापसी टिकटों पर मिलेगी छूट : अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि दिवाली और छठ पूजा जैसे त्योहारों के दौरान यात्रियों की भारी संख्या को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे 12,000 से ज्यादा स्पेशल ट्रेन चलाएगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की कि 13 से 26 अक्टूबर के बीच आगे की यात्रा करने वाले यात्रियों और 17 नवंबर से 1 दिसंबर के बीच वापसी यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए वापसी टिकटों पर 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आगामी दिवाली और छठ त्योहारों के लिए भारतीय रेलवे द्वारा विशेष व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यात्रियों को उनकी वापसी यात्रा के दौरान कोई कठिनाई न हो।

इसके अलावा, गया से दिल्ली, सहरसा से अमृतसर, छपरा से दिल्ली और मुजफ्फरपुर से हैदराबाद के लिए चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू की जाएंगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों और खासकर मध्यम वर्गीय परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक नई सर्किट ट्रेन भी शुरू की जाएगी। यह ट्रेन वैशाली, हाजीपुर, सोनपुर, पटना, राजगीर, गया और कोडरमा तक जाएगी।

पटना और अयोध्या के बीच बक्सर-लखीसराय रेल खंड का विस्तार चार-लाइन वाले कॉरिडोर में किया जाएगा, जिससे ज्यादा ट्रेन चल सकेंगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि पटना के चारों ओर एक रिंग रेलवे प्रणाली विकसित की जाएगी, जिसमें सुल्तानगंज और देवघर को रेल से जोड़ा जाएगा।

एक नई रेल सेवा भी चलाई जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि लौकहा बाजार में एक वाशिंग पिट सुविधा स्थापित की जाएगी और बिहार में कई नए स्वीकृत सड़क ओवरब्रिजों पर काम किया जाएगा।

प्राचीन लोक परंपराओं में निहित गहन आध्यात्मिक छठ पूजा साल में दो बार आती है और बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के मिथिला क्षेत्र में मनाई जाती है। यह त्योहार सूर्य (सूर्य देव) और छठी मैया की पूजा के लिए मनाया जाता है, जिसे चार दिनों तक विस्तृत अनुष्ठानों के माध्यम से मनाया जाता है जो शुद्धिकरण, कृतज्ञता और अटूट भक्ति का प्रतीक है।

इक्विटी डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स का मैच्योरिटी पीरियड बढ़ाने के तरीकों पर विचार कर रही सेबी : तुहिन कांत पांडे

मुंबई। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने गुरुवार को कहा कि सेबी इक्विटी डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स का मैच्योरिटी पीरियड बढ़ाने के तरीकों पर विचार कर रही है। बीते कुछ वर्षों में भारतीय शेयर बाजार में तेजी से डेरिवेटिव्स ट्रेडिंग बढ़ी है और बड़ी सं या में रिटेल निवेशक इसमें भाग ले रहे हैं। सेबी जोखिम को कम करने के लिए पहले भी डेरिवेटिव्स एक्सपायरी और लॉट साइज की संख्या में बदलाव कर चुका है, जिससे देश में डेरिवेटिव्स ट्रेडिंग करना पहले के मुकाबले महंगा हुआ है।

पांडे ने कहा कि सेबी अब कारपोरेट कार्य मंत्रालय और स्टॉक एक्सचेंजों के साथ मिलकर एक विनियमित प्लेटफॉर्म स्थापित करेगा, जिसमें सार्वजनिक होने की योजना बना रही गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के बारे में विश्वसनीय जानकारी होगी। इस तरह की प्रणाली से निवेशकों के लिए प्री-आईपीओ कंपनियों में निवेश करने का निर्णय लेने से पहले उनके प्रदर्शन पर नजर रखना आसान हो जाएगा। नियामक का यह कदम भारतीय बाजारों में डेरिवेटिव और आईपीओ निवेश की बढ़ती मांग के साथ निवेशक सुरक्षा के संतुलन पर उसके फोकस को दर्शाता है।

इस सप्ताह की शुरुआत में, सेबी ने एक कंसल्टेशन लेटर जारी किया था, जिसमें बहुत बड़ी कंपनियों के लिए अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लॉन्च करने के लिए आसान नियमों का प्रस्ताव दिया गया है, जिसमें न्यूनतम सार्वजनिक निर्गम आवश्यकताओं में ढील और सार्वजनिक शेयरधारिता मानदंडों को पूरा करने के लिए अधिक समय शामिल है। वर्तमान में, बहुत बड़ी कंपनियों को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने पर अपने शेयरों का एक बड़ा हिस्सा जनता को बेचना पड़ता है। इससे अकसर बहुत बड़े आईपीओ सामने आते हैं, जिन्हें एक बार में संभालना बाजार के लिए मुश्किल होता है। सेबी ने अब एक नई प्रणाली का सुझाव दिया है जो कंपनियों पर एक साथ इतने सारे शेयर बेचने के तत्काल दबाव को कम करेगी। हालांकि, उन्हें समय के साथ धीरे-धीरे सार्वजनिक शेयरधारिता नियमों का पालन करना होगा।

एक अन्य प्रस्ताव 5,000 करोड़ रुपए से अधिक के आईपीओ में खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित हिस्सेदारी को कम करने का है। ऐसे बड़े निर्गमों में छोटे निवेशकों के लिए वर्तमान 35 प्रतिशत के स्थान पर केवल 25 प्रतिशत शेयर ही अलग रखे जाएंगे।

भारत की ग्रोथ स्टोरी मजबूत, पूंजीगत बाजारों का आकार 5 ट्रिलियन डॉलर पहुंचा : दीपम सचिव

मुंबई। निवेश एवं लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव अरुणीश चावला ने गुरुवार को कहा कि भारत के पूंजी बाजार पिछले महीने 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े तक पहुंच गए हैं और जुलाई में देश में डीमैट खातों की संख्या 20 करोड़ को पार कर गई है। उन्होंने आगे कहा कि यह भारत की ग्रोथ स्टोरी की मजबूत तस्वीर को दिखाता है और सरकार एवं निजी क्षेत्र के बीच एक ताकतवर साझेदारी को दर्शाता है। देश की आर्थिक राजधानी में फिक्की के वार्षिक पूंजी बाजार सम्मेलन (सीएपीएएम 2025) के 22वें संस्करण में बोलते हुए चावला ने कहा कि सरकार ने पूंजी बाजारों को एकीकृत तरीके से मजबूत करने के लिए एक समग्र विकास और परिसंपत्ति प्रबंधन रणनीति विकसित की है।

उन्होंने आगे कहा कि हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सार्वजनिक उद्यमों द्वारा सृजित मूल्य को परिवारों और अल्पसं यक शेयरधारकों सहित सभी नागरिकों के साथ समान रूप से साझा किया जाए। चावला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला और इसे प्राप्त करने में पूंजी बाजार की भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, हमारी अर्थव्यवस्था सार्वजनिक और निजी दोनों उद्यमों के साथ मिलकर काम करते हुए आगे बढ़ रही है।

निवेशकों की मजबूत भागीदारी गति बढ़ाने में मदद कर रही है। परिसंपत्ति मुद्रीकरण कार्यक्रम के बारे में, चावला ने कहा कि इसे साल-दर-साल के बजाय पांच साल की रणनीति के रूप में योजनाबद्ध किया गया है। चालू वित्त वर्ष के लिए, लक्ष्य 47,000 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा, हमने पहली तिमाही में लगभग 22,000 करोड़ रुपए हासिल कर लिए हैं।

एचएसबीसी इंडिया ने शुरू किया इंडिया बिजनेस केस प्रोग्राम

मुंबई। एचएसबीसी इंडिया ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए इंडिया बिजनेस केस प्रोग्राम के 12वें संस्करण की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य वह देश के स्नातक छात्रों को कौशल, ज्ञान और वास्तविक अनुभव प्रदान करना है, जो उन्हें आधुनिक और प्रतिस्पर्धी कार्यस्थल में सफल होने में मदद करेगा। भारत आज एक गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है- स्नातकों के पास मौजूद कौशल और उद्योग जगत की आवश्यकताओं के बीच भारी अंतर हैं।

इन्हीं जरूरतों को देखते हुए, एचएसबीसी इंडिया ने यह कार्यक्रम तैयार किया है, जो युवाओं में कौशल विकास, नेतृत्व क्षमता और आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करता है। यूनाइटेड वे ऑफ मुंबई और सत्त्वा कंसल्टिंग द्वारा लागू किए जा रहे इस कार्यक्रम में हाइब्रिड लर्निंग मॉडल अपनाया गया है, जिसमें ई-लर्निंग, वर्कशॉप, इंडस्ट्री मेंटॉरशिप और सी-सूट अधिकारियों के साथ संवाद शामिल हैं। कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि शीर्ष 2 टीमें हांगकांग विश्वविद्यालय (HKU) के साथ आयोजित एशिया-प्रशांत बिजनेस केस प्रोग्राम में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका पाती हैं।

कार्यक्रम की घोषणा पर, अलोका मजूमदार, प्रबंध निदेशक एवं हेड ऑफ सस्टेनेबिलिटी, एचएसबीसी इंडिया ने कहा, भारत का कार्यबल जिस भविष्य की ओर बढ़ रहा है, वह तकनीकी बदलाव और वैश्विक प्रतिस्पर्धा से भरा होगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम देश के युवाओं की अपार क्षमता को निखारना चाहते हैं। विशेष रूप से, टियर 2 और टियर 3 शहरों के कॉलेजों तक पहुंचकर, हम छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाने और सभी छात्रों को समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

एक्टिव क्लोदिंग ने 39 प्रतिशत टॉपलाइन और 76 प्रतिशत शुद्ध लाभ दर्ज की

मोहाली, पंजाब। एक्टिव क्लोदिंग कंपनी लिमिटेड, (बीएसई - 541144), भारत के प्रमुख 'डिजाइन-टू-शेल्फ' प्लेटफॉर्म में से एक, जो फ्लैट-निटेड स्वेटर, जैकेट और सर्कुलर-निटेड परिधान में विशेषज्ञता रखता है और वैश्विक फैशन ब्रांड्स के लिए काम करता है, के वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में कुल आय वर्ष-दर-वर्ष 38.54 प्रतिशत वृद्धि होकर 64.46 करोड़ रुपये हुआ। ईबीआईटीडीए वर्ष-दर-वर्ष 22.86 प्रतिशत बढ़कर 6.96 करोड़ रूपये हुई। शुद्ध लाभ वर्ष-दर-वर्ष 75.97 प्रतिशत उछलकर 2.13 करोड़ हो गया। डायल्यूटेड ईपीएस 75.64 प्रतिशत वृद्धि से 1.37 रुपये रही। एक्टिव क्लोदिंग कंपनी लि. के प्रबंध निदेशक राजेश मेहरा ने कहा, हमें वित्त वर्ष26 की तिमाही के शुरुआत मजबूत अंदाज में करने की खुशी है, जिसमें राजस्व और लाभप्रदता दोनों में ठोस वृद्धि हुई है। यह प्रदर्शन हमारे एकीकृत 'डिजाइन-टू-शेल्फ' मॉडल की ताकत को दर्शाता है, जो हमारे वैश्विक फैशन ब्रांड साझेदारों के बीच लगातार लोकप्रिय बना हुआ है।

मंगल इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्रीज का 400 करोड़ रुपये का आईपीओ आज बंद होगा

मुंबई। ट्रांसफॉर्मर कंपोनेंट्स, इंटीग्रेटेड सर्किट ब्रेकर्स प्रसंस्करण और ईपीसी कंपनी, मंगल इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड का 400 करोड़ रूपये का प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) बुधवार, 20 अगस्त, 2025 को खुल गया है और 22 अगस्त, 2025 को बंद होगी। 10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर के मूल्य बैंड 533 से 561 रुपये का है। लॉट साइज 26 इक्विटी शेयर है। कंपनी ने अपने एंकर बुक को 19 अगस्त को सफलतापूर्वक बंद किया, जिसमें 120 करोड़ रुपये जुटाए गए। इक्विटी शेयरों को बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। सिस्टमैटिक्स कॉरपोरेट सर्विसेज लि. ईश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर है।

मंगल इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्रीज लि. के सीएमडी राहुल मंगल ने व्यक्त किया कि हमारी यात्रा सटीक विनिर्माण और ट्रांसफॉर्मर कंपोनेंट्स, ट्रांसफॉर्मर निर्माण और EPC समाधान में विविध पोर्टफोलियो की मजबूत नींव पर आधारित रही है। प्रस्तावित सार्वजनिक निर्गम हमें अपने बैलेंस शीट को मजबूत करने में सक्षम बनाएगा, कर्ज कम करने में मदद करेगा, रींगस में हमारी इकाई IV की सुविधा के विस्तार का समर्थन करेगा और कार्यशील पूंजी की उपलब्धता बढ़ाएगा। ये कदम हमारे संचालन की दक्षता, समय पर कार्यान्वयन, और स्थायी विकास पर हमारे फोकस के अनुरूप है।

सड़क का अतिक्रमण कर निर्माण कार्य करने का आरोप, चटहाट में दिखा तनाव

बागडोगरा (निज संवाददाता)। सड़क का अतिक्रमण कर निर्माण कार्य का ग्रामीणों ने विरोध किया और निर्माण रोकने की मांग की। जिसके कारण चटहाट बाजार में भारी तनाव दिखाई दिया। बाद में चटहाट चौकी की पुलिस स्थिति को नियंत्रित करने गई। ज्ञात हुआ है कि चटहाट बाजार से बिटलागछ, भाटामारी और बोलाई गछ सहित कई गांवों में जाने के लिए स्थानीय निवासियों के लिए यह सड़क बहुत महत्वपूर्ण है। यात्रा की सुविधा के लिए पंजीकृत भूमि से 6 फुट की सड़क छोड़ी गई थी। शर्त यह थी कि दूसरी तरफ की जमीन का मालिक भी 6 फुट की सड़क छोड़ देगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

आरोप है कि उत्तम गुप्ता नामक व्यक्ति ने 6 फुट की सड़क के बगल में निर्माण शुरू कर दिया है। स्थानीय निवासियों ने मामले की कई बार पुलिस स्टेशन में शिकायत की । जब आज निर्माण कार्य की छत डालने की तैयारी शुरू की गई, तो स्थानीय निवासियों ने इसका विरोध किया। जिसके कारण भारी तनाव हो गया। निवासियों ने आरोप लगाया कि इससे पहले रास्ता संकरा होने के चलते दमकल वाहन नहीं घुस पाये। आपात स्थिति में यह सड़क किसी काम की नहीं रहेगी। हालांकि, कृषि क्षेत्र होने के कारण, इस सड़क से प्रतिदिन हज़ारों लोग आते-जाते हैं और कृषि उत्पादों का परिवहन इसी सड़क से होता है। अगर यह महत्वपूर्ण सड़क संकरी हो जाती है, तो चटहाट

ग्रामीण पाठागार जाने वाला रास्ता भी अवरुद्ध हो जाएगा।

हालांकि जमीन मालिक उत्तम गुप्ता ने निवासियों के आरोपों का खंडन किया और कहा कि उन्होंने आम लोगों की सुविधा के लिए खरीदी गई ज़मीन में से 6 फुट का रास्ता छोड़ा था। शर्त यह थी कि दूसरी तरफ़ का जमीन मालिक भी 6 फुट का रास्ता छोड़ेगा। लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। इसलिए वह 6 फुट की सड़क से सटकर ठीक बगल में निर्माण कार्य कर रहे हैं। उन्हें इसमें कुछ भी गलत नहीं लगता। बाद में, चटहाट पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क को खुलवाया। उन्होंने जमीन मालिक को फिलहाल निर्माण कार्य रोकने का आदेश भी दिया।

नाबालिगा से बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार

